दिनांकः 06.08.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्तव्य भवन–3 को सरकार की प्रतिबद्धता और प्रत्येक व्यक्ति की सेवा के प्रयासों का प्रतीक बताया।

- आरबीआई ने रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया–5 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार।

- राज्य सरकार निर्वाचन आयोग से सभी निकायों के चुनाव दिसम्बर में एक साथ कराने की सिफारिश करेगी।

- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने स्मार्ट मीटरों को सुरक्षित बताते हुए उपभोक्ताओं से किसी तरह की भ्रांति नहीं रखने को कहा।

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य भवन–3 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कर्तव्य पथ पर बनाए गये नए भवन का निरीक्षण किया और विशेषताओं की जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। ये भवन के सेंट्रल विस्टा परियोजना का हिस्सा है। कर्तव्य भवन साझा केन्द्रीय सचिवालय के विभिन्न भवनों में से पहला भवन है। भवन के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने परिसर में पौधरोपण किया। श्री मोदी ने इसके निर्माण से जुड़े श्रमिकों से बातचीत भी की। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने लिखा कि कर्तव्य भवन सरकार की प्रतिबद्धता और प्रत्येक व्यक्ति की सेवा के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। प्रधानमंत्री अब से कुछ ही देर में एक सभा को संबोधित करेंगे।

प्रधानमंत्री कल नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा में एम.एस. स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी सभा को भी संबोधित करेंगे। इस अवसर पर खाद्य और शांति के लिए पहले एम.एस. स्वामीनाथन पुरस्कार भी प्रदान किये जाएंगे। इस अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार के तहत खाद्य सुरक्षा में सुधार, जलवायु न्याय, वंचित तथा हाशिए पर आए समुदायों की समानता के लिए योगदान देने वाले विकासशील देशों के व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन का विषय **सदाबहार क्रांति, जैव–खुशहाली का मार्ग** रखा गया है। यह सभी के लिए खाद्य सुनिश्चित करने के प्रो. स्वामीनाथन के जीवनपर्यन्त समर्पण का प्रतीक है।

..............

राज्य सरकार बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए प्राथमिकता से निर्णय ले रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसलमेर जिले की भणियाणा तहसील में विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी दी है। 765 के.वी. का ये केन्द्र फूसासर गांव में 80 हैक्टेयर भूमि पर स्थापित किया जाएगा।

..............

भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आज रेपो दर को 5 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया है। इसके साथ ही, स्थायी जमा सुविधा दर 5 दशमलव दो–पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर 5 दशमलव सात–पांच प्रतिशत रहेगी। यह निर्णय फरवरी से अब तक की गई सौ आधार अंकों की कटौती के बाद और आगामी त्योहारों से पहले लिया गया है। भारतीय आयात पर अमरीका के शुल्क बावजूद शीर्ष बैंक ने वित्त वर्ष 2025–26 के सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के अनुमान को 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। मौजूद वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति 3 दशमलव 1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह जून के 3 दशमलव 7 प्रतिशत के अनुमान से कम है। हालांकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक–सी.पी.आई. के आगामी वित्त वर्ष 2026–27 में 4 दशमलव 9 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। 4 अगस्त से शुरू हुई मौद्रिक नीति समिति की तीन तीन दिवसीय बैठक में ये निर्णय लिया गया।

..............

11वां राष्ट्रीय हथकरघा दिवस कल मनाया जाएगा। ये दिन हथकरघा उद्योग और बुनकरों के योगदान को समर्पित है। इस वर्ष की थीम ''मेरा हथकरघा–मेरा गौरव : मेरा उत्पाद–मेरा गौरव'' रखी गई है। एक रिपोर्ट –

................

नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा है कि निकाय चुनाव के लिए सरकार ने तैयारी कर ली है। इसके लिए अधिसूचना जारी हो चुकी है। यूडीएच मंत्री आज नागौर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब सरकार चुनाव आयोग को पत्र लिखकर ''एक राज्य–एक चुनाव'' के मॉडल पर दिसम्बर में सभी नगर निकायों के एक साथ चुनाव की सिफारिश करेगी।

..............

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि प्रदेश में बिजली तंत्र को मजबूत बनाने लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। श्री नागर ने कहा कि सुचारू बिजली आपूर्ति और वितरण में स्मार्ट मीटर उपयोगी हैं। इन्हें लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। आज मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि जयपुर डिस्कॉम में ज़ीरो डिफेक्टिव मीटर का दायरा बढ़ा है। साथ ही जोधपुर और अजमेर डिस्कॉम को भी अपने यहां ज़ीरो डिफेक्टिव मीटर सर्किल बनाने को कहा गया है।

...............

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रदेशवासियों से स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आह्वान किया है। स्कूल शिक्षा, पंचायती राज और संस्कृत शिक्षा मंत्री श्री दिलावर ने आज उदयपुर में विभागीय खरीद प्रणाली में बदलाव करते हुए आदेश जारी किया कि विभागीय कार्यों और आवश्यकताओं के लिए विदेशी सामान की खरीद पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। श्री दिलावर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देने, स्थानीय कारीगरों, लघु उद्योगों और भारतीय ब्रांड्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ये निर्णय लिया गया है।

..............

हर घर तिरंगा अभियान प्रत्येक भारतीय को तिरंगा घर लाने और स्वतंत्रता उत्सव में गर्व से इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। राष्ट्रीय ध्वज हमारे सामूहिक गौरव और एकता का प्रतिनिधित्व करता है। इसी भावना के साथ संस्कृति मंत्रालय तिरंगा के बारे में जागरुकता फैलाने के लिए हर घर तिरंगा क्विज़ 2025 का आयोजन कर रहा है। इसमें चयनित विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।
सवाईमाधोपुर जिले में हर घर तिरंगा–हर घर स्वच्छता अभियान के साथ आयोजित किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस कड़ी में आज विद्यार्थियों को तिरंगे के इतिहास और महत्व की जानकारी दी गई।

..............

प्रदेश में मॉनसूनी बारिश का दौर फिलहाल धीमा पड़ गया है। बीते 24 घंटों में राज्य के अधिकतर भागों में बरसात नहीं हुई। डूंगरपुर, बांसवाड़ा और करौली सहित कुछ स्थानों पर हुई हल्की बारिश से उमस और गर्मी का असर बढ़ गया। श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर में गर्म हवाओं का प्रभाव रहा और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 4–5 दिनों तक अधिकतर भागों में बारिश नहीं होने का पूर्वानुमान है। हालांकि इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। गौरतलब है कि इस मानसून सीजन में अब तक राज्य में औसत से 81 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। 1 जून से 4 अगस्त तक सामान्यतः 237 मिलीमीटर बारिश होती है, जबकि इस वर्ष अभी तक कुल 428 दशमलव 4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।

..............

प्रदेश में जर्जर विद्यालय भवनों और आंगनबाड़ी केन्द्रों को चिन्हित करने के लिए सर्वे किया जा रहा है। इसके तहत विद्यार्थियों और आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विशेष जांच दल सघन निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में जैसलमेर जिले में 70 से ज्यादा विद्यालयों की स्थिति जर्जर पाई गई। इसके साथ ही दो हजार से ज्यादा कक्षों को क्षतिग्रस्त पाया गया। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने इन भवनों का उपयोग नहीं करने और कक्षों को सील करने के निर्देश दिये हैं।

..............